2023/140

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री लक्ष्मण कुमार निवासी ग्राम पंचायत के पास बडगांव तहसील शिवगंज जिला सिरोही।		सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी ग्राम पंचायत बडगांव

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 35 वर्ष 2023

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
24.08.2023	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी ग्राम पंचायत बडगांव को दिनांक 05.07.2023, को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि ग्राम पंचायत बडगांव में पिछले पांच वर्षों में कितना बजट स्वीकृत हुआ व कितना खर्च हुआ एवं पिछले पांच वर्षो में ग्राम पंचायत बडगांव में अन्य किसी भी माध्यम से बजट प्राप्त हुआ हो तो उसकी प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी ग्राम पंचायत बडगांव को दिनांक 05.07.2023, को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि ग्राम पंचायत बडगांव में पिछले पांच वर्षों में कितना बजट स्वीकृत हुआ व कितना खर्च हुआ एवं पिछले पांच वर्षों में ग्राम पंचायत बडगांव में अन्य किसी भी माध्यम से बजट प्राप्त हुआ हो तो उसकी प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई उपरोक्त सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी ग्राम पंचायत बडगांव से सम्बन्धित है। चूंकि सहायक लोक सूचना अधिकारी ग्राम पंचायत बडगांव के प्रथम अपील अधिकारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। अतः ऐसी स्थिति अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (डॉ. भँवर लाल) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned with CamScanner